डिजिटल संस्करण

रविवार

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

15 जनवरी 2023

समस्त देशवासियों को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं

## मकर संक्रांति पर प्रयागराज में लगी आस्था की डुबकी



सनातन धर्म में मकर संक्रांति पर्व का विशेष महत्व है। सूर्य के मकर राशि में आते ही खरमास भी समाप्त हो जाएगा और फिर से मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। इस दिन पवित्र नदी गंगा में स्नान करने का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है और अक्षय पुण्य का फल प्राप्त होता है। मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवार को संगम नगरी प्रयागराज में गंगा स्नान करनेवालों की भी भारी भीड़ उमड़ी। माघ मेला प्रशासन के अनुसार मकर संक्रांति स्नान पर्व पर शनिवार अपराहन दो बजे तक लगभग नौ लाख श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस बार भी मकर संक्रांति की डुबकी दो दिन लगेगी। शनिवार की रात सूर्य उत्तरायण हो रहे हैं, स्नान सुबह से ही आरंभ हो गया। लेकिन, पुण्यकाल की मान्यता रखने वाले रविवार को संक्रांति की डुबकी लगाएंगे।

### रिपोर्ट में दावा: भूमिगत जल में आर्सेनिक की मात्रा तय सीमा से काफी अधिक

# बक्सर समेत बिहार के 18 जिलों के भू-जल से पित्ताशय के कैंसर का खतरा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

बिहार के 18 जिलों के भू-जल में आर्सेनिक की मात्रा अधिक होने की वजह से इन जिलों में रहने वाले लोगों कि चिंताएं बढ़ा दी हैं। जानकारों के अनुसार भूमिगत जल में आर्सेनिक की मात्रा अधिक होने की वजह से लोगों में पित्ताशय के कैंसर संभावना कई गुणा बढ़ जाती है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष अशोक घोष ने पीटीआई-भाषा को बताया कि विशेषज्ञों द्वारा किए गए एक हालिया अध्ययन में पाया गया है कि 38 जिलों में से 18 जिलों ने भू-जल में आर्सेनिक की उच्च मात्रा है। इन जिलों के लोग विश्व स्वास्थ्य संगठन की 10 माइक्रोग्राम प्रति लीटर की स्वीकार्य सीमा से अधिक आर्सेनिक सांद्रता वाला पानी पी रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित जिला बक्सर, भोजपुर और भागलपुर है। अशोक घोष ने बताया कि भूजल में सबसे अधिक आर्सेनिक दूषितकरण (1906 माइक्रोग्राम प्रति लीटर) बक्सर जिला में है। अब अध्ययन में पित्ताशय की थैली के कैंसर के संभावित जोखिम कारक के रूप में आर्सेनिक की उच्च सांद्रता सामने आयी है।

### बक्सर जिला में आर्सेनिक की मात्रा सबसे अधिक



**बिहार और असम प्रभावित-घोष**

घोष ने कहा कि इस अध्ययन ने भारत के दो आर्सेनिक प्रभावित राज्यों बिहार और असम में 15-70 साल की वास अवधि के प्रतिभागियों के बीच पीने के पानी में आर्सेनिक के संपर्क में पित्ताशय की थैली के कैंसर के जोखिम की जांच की। यह अध्ययन भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल हेल्थ, पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया, सेंटर फॉर क्रॉनिक डिजीज कंट्रोल, कैंसर संस्थान के डॉ. भुवनेश्वर बरुआ, महावीर कैंसर संस्थान और अनुसंधान केंद्र, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (खड़गपुर) लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन के सहयोग से उन क्षेत्रों में जहां पित्ताशय की थैली का कैंसर और पीने के पानी में आर्सेनिक की उच्च मात्रा पायी जाती है, वहां किया गया। अशोक कुमार घोष ने कहा कि पीने के पानी के संभावित स्त्रोतों के बारे में जानकारी के साथ लोगों के बचपन से दीर्घकालिक आवासीय इतिहास इस अध्ययन के महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। अध्ययन के प्रमुख लेखक डॉ. कृतिगा श्रीधर ने कहा कि इस अध्ययन से प्रारंभिक अंतर्दृष्टि समान देश के संदर्भों के लिए भी उपयोगी हो सकती है जो पीने के पानी में पित्ताशय की थैली के कैंसर और पीने के पानी में आर्सेनिक की उच्च मात्रा का अनुभव करते हैं।

### 46 हजार भू-जल नमूनों का किया गया विश्लेषण'

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि विशेषज्ञों ने निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले 18 जिलों के विभिन्न क्षेत्रों से एकत्र किए गए 46 हजार भूजल नमूनों का विश्लेषण किया। आर्सेनिक दूषितकरण से गंभीर रूप से प्रभावित बिहार के जिलों में बक्सर, भोजपुर, भागलपुर, सारण, वैशाली, पटना, समस्तीपुर, खगड़िया, बेगूसराय, मुंगेर आदि शामिल हैं जो कि गंगा नदी के तट के करीब स्थित हैं। पीने के पानी में आर्सेनिक और पित्ताशय की थैली के कैंसर के बीच संबंध पर अमेरिकन एसोसिएशन फॉर कैंसर रिसर्च के कैंसर एपिडेमियोलॉजी, बायोमार्कर्स एंड प्रिवेंशन जर्नल में नवीनतम अध्ययन पत्र भी प्रकाशित हुआ है।

## भारत जोड़ो यात्रा में शामिल सांसद संतोख सिंह का हार्ट अटैक से निधन



**लुधियाना।** शनिवार को पंजाब में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में साथ चल रहे जालंधर के सांसद संतोख चौधरी का हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया। फगवाड़ा के नजदीक भाटिया गांव के पास उन्हें हार्ट अटैक आया। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां उनका देहांत हो गया। चौधरी के देहांत के बाद भारत जोड़ो यात्रा रोक दी गई। चौधरी 76 साल के थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ह्यभारत जोड़ो यात्राह्व के दौरान पार्टी के सांसद और वरिष्ठ नेता संतोख सिंह चौधरी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने दो बार सांसद रहे 76 वर्षीय चौधरी को परिश्रमी नेता तथा कांग्रेस का मजबूत स्तंभ बताया। संतोख चौधरी दोआबा के बड़े दलित नेता थे। वे दूसरी बार सांसद बने थे। संतोख चौधरी पंजाब में मंत्री रह चुके थे। वे पंजाब के पहले शिक्षामंत्री मास्टर गुरबंता सिंह के बेटे थे। उनके बेटे विक्रमजीत सिंह चौधरी फिल्लौर के विधायक हैं।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को फोन पर जान से मारने की मिली धमकी

**एजेंसी/नागपुर**

- नितिन गडकरी के कार्यालय में शनिवार को आया धमकी भरा फोन
- फोन करनेवाले ने कार्यालय को भी बम से उड़ाने की दी धमकी
- केंद्रीय मंत्री के कार्यालय और घर दोनों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को फोन करके जान से मारने की धमकी दी गई है। इस मामले पर शनिवार को नागपुर पुलिस ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यालय में शनिवार को एक धमकी भरा फोन आया। किसी अज्ञात व्यक्ति ने तीन बार फोन कर जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भी दी। डीसीपी नागपुर राहुल मदाने ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यालय के लैंडलाइन पर सुबह 11.25 बजे, 11.32 बजे और दोपहर 12.32 बजे तीन कॉल आईं थी। कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी क्राइम ब्रांच सीडीआर पर काम करेगी। एक विश्लेषण चल रहा है। मंत्री नितिन गडकरी के कार्यक्रम स्थल पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आगे की जांच चल रही है।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि धमकी भरे कॉल के बाद केंद्रीय मंत्री के कार्यालय और घर दोनों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। केंद्रीय मंत्री वर्तमान में मकर संक्रांति उत्सव के लिए महाराष्ट्र में हैं। सूत्रों के मुताबिक, फोन करने वाले ने फिरौती नहीं देने पर नितिन गडकरी को जान से मारने की धमकी दी है। फिरौती की मांग के साथ ही कॉल के दौरान दाऊद का नाम भी लिया गया है।

**पहले आरएसएस को दी गई थी धमकी**

धमकी भरे फोन आने के बाद नितिन गडकरी के जनसंपर्क कार्यालय ने तुरंत पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। नागपुर पहले भी धमकी भरे कॉल के लिए चर्चा में था, जब शहर में स्थित आरएसएस मुख्यालय को उड़ाने की धमकी दी गई थी।

### पॉकेट पर असर : कच्चे माल की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के कारण कंपनियों ने बढ़ाए दाम

# डेली यूज वाली वस्तुओं के दाम 2 से 58% तक बढ़े

**एजेंसी/नई दिल्ली**

जहां एक तरफ आम आदमी को दिसंबर के महीने में महंगाई से राहत मिली है, वहीं अब देश की एफएमसीजी कंपनियों ने डेली यूज की चीजों के दाम में बढ़ोतरी की है। इससे आम लोगों की जेब पर सीधा असर पड़ेगा। एफएमसीजी कंपनियों ने साबुन-टूथपेस्ट जैसे डेली यूज में इस्तेमाल होने वाले आइटम के भाव में 2 से 58 फीसदी तक की बढ़ोतरी की है। इससे पहले इन कंपनियों ने जनवरी, 2022 में इन आइटमों के दाम में 3 फीसदी से लेकर 20 फीसदी तक की वृद्धि की थी। इसके बाद मई 2022 में कच्चे माल की कीमतों में हो रही लगातार बढ़ोतरी के कारण भी इन उत्पादों के भाव में तेजी दर्ज की गई थी।



जनवरी, 2023 में एफएमसीजी सेक्टर की कई बड़ी कंपनियां जैसे हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोलगेट, पामोलिव और कैडबरी और ओरियो जैसे प्रोडक्ट को बनाने वाली कंपनी मोंडेलेज इंडिया जैसे कई ब्रांड्स अपने प्रोडक्ट के दामों में इजाफा कर रहे हैं। इसके साथ ही इन कंपनियों ने अपने प्रोडक्ट के वजन में भी कमी करने का फैसला किया है। एफएमसीजी कंपनियों को जनवरी के महीने में कुल 7 से 9 फीसदी तक की ग्रोथ देखी जा सकती है, लेकिन कंपनियां कच्चे माल की कीमतों के बढ़ने का बोझ सारा कस्टमर्स पर डाल रही हैं।

**मांग बढ़ने के साथ ही बढ़ रहे भावः** कोरोना महामारी में इन कंपनियों ने माल बिक्री को बनाए रखने के लिए अपने प्रॉफिट मार्जिन को घटा दिया था, लेकिन अब मार्केट में स्थिति में सुधार देखने को मिल रहा है। खेती में वृद्धि और सरकार की मदद के कारण ग्रामीण इलाकों में भी अब पैसों का फ्लो अब बेहतर हो गया है। ऐसे में अब कंपनियां अपने मार्जिन को पहले की तरह करने की कोशिश कर रही हैं और अपने प्रॉफिट को बढ़ा रही हैं।

### तीन महीने से खुदरा महंगाई दर में गिरावट

गौरतलब है कि देश में रिटेल महंगाई दर दिसंबर के महीने में 12 महीने के निचले स्तर पर आ गई। लगातार 3 महीने से खुदरा महंगाई दर में गिरावट दर्ज की जा रही है और यह दिसंबर में घटकर 5.72 फीसदी पर पहुंच गई। वहीं, नवंबर के महीने में रिटेल महंगाई दर 5.88 फीसदी थी। अक्टूबर के महीने में रिटेल महंगाई दर 6.77 फीसदी थी। दिसंबर 2021 में रिटेल महंगाई दर 5.66 फीसदी था। ऐसे में दिसंबर 2022 रिटेल महंगाई दर 12 महीने के सबसे निचले स्तर पर आ चुकी है।



## 10 .5 किग्रा गांजा जब्त

**सासाराम।** जिले के कोचस थाना क्षेत्र क ओझवलिया गांव में पुलिस ने छापेमारी 10.5 किग्रा गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी विनित कुमार ने शनिवार शाम बताया कि रोहतास पुलिस द्वारा मादक पदार्थ के सेवन एवं अवैध व्यापार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में रोहतास पुलिस को जानकारी मिली कि कोचस थाना क्षेत्र के ओझवलिया गांव के वार्ड नंबर एक में गांजा कि खरीद-बिकी की जा रही है। मामले की गंभरता को देखते हुए कोचस पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और ओझवलिया गांव में छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही तस्कर स्कार्पियो से भागने लगे और तत्परता से कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

# फैसलाः अब आईएमए के चिकित्सक करेंगे एमडीए अभियान में सहयोग

**केटी न्यूज/पटना**

- राज्य के आईएमए अध्यक्ष ने सदस्य चिकित्सकों को पत्र जारी कर दिए निर्देश
- सदस्य डॉक्टर अपने पर्ची पर रबर स्टाम्प लगाकर करेंगे लोगों को जागरूक



फाइलेरिया को राज्य सरकार ने एक सार्वभौमिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में चिन्हित किया है। राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक राज्य से फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हर वर्ष एमडीए अभियान संचालित किया जाता है जिसमे ज्यादा से ज्यादा लक्षित आबादी को फाइलेरिया के दवाओं का सेवन कराया जाता है। इस वर्ष 10 फरवरी से राज्य के 24 जिलों में लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग सभी तैयारी कर रही है। प्रस्तावित एमडीए अभियान को सफल बनाने में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से जुड़े चिकित्सक भी अपना सहयोग प्रदान करेंगे। इस बाबत आईएमए बिहार के अध्यक्ष डॉ. डीएस सिंह एवं सचिव डॉ. अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से पत्र जारी कर एसोसिएशन से जुड़े सभी सदस्य चिकित्सकों को प्रस्तावित एमडीए अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग देने का निर्देश दिया है।

**चिकित्सकों को दिए गए निर्देश :** जारी पत्र में निर्देशित है कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए हर साल चलाये जाने वाले सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम एक सटीक माध्यम है। अभियान के दौरान ज्यादा से ज्यादा लक्षित आबादी को फाइलेरिया के दवा का सेवन कराया जाता है। पत्र में बताया गया है कि सदस्य चिकित्सकों द्वारा इस अभियान में सहयोग कर एवं समुदाय में जागरूकता फैलाकर इस अभियान को अधिक से अधिक सफल बनाया जा सकता है। अतः सभी सदस्य चिकित्सक प्रस्तावित एमडीए अभियान में सहयोग करना सुनिश्चित करें।

**डॉक्टर अपने पर्ची पर रबर स्टाम्प लगाकर करेंगे लोगों को जागरूक :** जारी पत्र में बताया गया है कि सदस्य चिकित्सक मरीजों को दी जाने वाली दवा पर्ची में फाइलेरिया से संबंधित जागरूकता का रबर स्टाम्प लगाना सुनिश्चित करेंगे। जारी पत्र में बताया गया है कि केयर इंडिया के सहयोग से सदस्य चिकित्सकों को उक्त रबर स्टाम्प जल्द ही उपलब्ध करायी जाएगी।

**24 जिलों में चलेगा अभियान :** राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम राज्य के 24 जिलों में संचालित किया जायेगा। इस दौरान 16 जिलों में 2 दवाएं एवं शेष 8 जिलों में तीन तरह की दवाएं घर-घर जाकर लोगों को खिलाई जाएगी। आईएमए बिहार के सभी सदस्य चिकित्सक इस अभियान को सफल बनाने के लिए समुदाय के बीच अपने स्तर से जागरूकता फैलायेंगे। केयर इंडिया के फाइलेरिया के टीम लीड विकास सिन्हा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व केयर इंडिया के सौजन्य से आईएमए बिहार के साथ राज्यस्तरीय बैठक की गयी थी जिसमें एमडीए अभियान में एसोसिएशन के सहयोग पर विस्तार से चर्चा की गयी थी। बैठक में आईएमए के सदस्य चिकित्सकों ने एमडीए कार्यक्रम में अपने सहयोग करने के संबद्ध में प्रतिबद्धतो जाहिरे की थी।

## मारपीट के दौरान एक युवक का कट्टा लहराने का वीडियो वायरल

# पूर्व के विवाद में टोनबाजी करने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, आधा दर्जन जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के धोबहा ओपी क्षेत्र के कडरा गांव में शनिवार की दोपहर पूर्व के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुयी उसमें दोनों पक्षों के छह लोग जख्मी हो गए। सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में एक पक्ष के कड़रा गांव निवासी शुभ नारायण सिंह का 22 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण कुमार सिंह और कलेक्टर सिंह का 29 वर्षीय पुत्र रवि कुमार सिंह शामिल हैं। दोनों चाचा-भतीजा बताये जा रहे हैं।

वहीं दूसरे पक्ष के घायलों में उसी गांव के निरंजन कुमार सिंह, उनके भाई रंजीत सिंह, विनोद सिंह और भतीजा विराट सिंह शामिल है। वहीं मारपीट के दौरान एक युवक का कट्टा लहराने का वीडियो भी वायरल हो रहा है। हालांकि आपका अपना अखबार वायरल वीडियो पुष्टि नहीं करता है।


कट्टा दिखता युवक


अस्पताल में जख्मी युवक का इलाज करते चिकित्सक

घटना के संबंध में एक पक्ष के रवि कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को विनोद सिंह और रंजीत सिंह टोनबाजी कर रहे थे। उसको लेकर उनके बीच गाली-गलौज भी हुआ था। उसके बाद उक्त लोगों ने उसका कालर पकड़ धकेल दिया था। हालांकि बुधवार को बात खत्म हो गई थी। शनिवार की दोपहर वह अपने दरवाजे अपने भाइयों के साथ चाय पी रहा था। उसी दौरान दूसरे पक्ष के सभी लोग वहां आ धमके और गाली-गलौज करने लगे। उसने इसका विरोध किया, तो लाठी-डंडों से उन सभी की जमकर पिटाई कर दी। उसने गांव के निरंजन सिंह, रंजीत सिंह, विनोद सिंह व विराट सिंह पर मारपीट करने और छत पर चढ़कर हत्यार दिखाकर मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इधर, दूसरे पक्ष के निरंजन सिंह ने बताया कि उनकी भतीजी का शादी टूट गई है। उसे लेकर पहले पक्ष द्वारा अक्सर उस पर टोनबाजी की जा रही थी। दो दिन पूर्व उनके घर जाकर उन्हें समझाया-बुझाया था। शनिवार की दोपहर उस पक्ष के लोग आरा से अपने कुछ लोगों के साथ दरवाजे पर आये और मारपीट करने लगे। वायरल वीडियो में एक युवक अपने हाथ में कट्टा लेकर छत पर दिखाई दे रहा है। वह छत पर कट्टा लहराते नजर आ रहा है।

## मामूली विवाद में दो सगे भाइयों में मारपीट जख्मी

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ले में शनिवार की दोपहर घरेलू विवाद में सगे भाई आपस में भिड़ गये। उस दौरान दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। उसमें दोनों जख्मी हो गये, जिनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया। घायलों में अनाइठ मोहल्ला निवासी दिवाकर कुमार और उसका छोटा भाई भीम सिंह शामिल है। बताया जा रहा है कि शनिवार की दोपहर दोनों भाइयों के बीच घरेलू विवाद को लेकर पहले कहासुनी हुई। इसके बाद दोनों भाई आपस में भिड़ गए और मारपीट शुरू कर दी। जिसमें दोनों जख्मी हो गए।

# नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट में भोजपुर का जांबाज घायल

- छत्तीसगढ़ के बाजीपुर में हुआ ब्लास्ट, रायपुर में चल रहा इलाज
- सड़क सुरक्षा को ले सर्चिंग के दौरान ब्लास्ट हुआ आईईडी

**केटी न्यूज/आरा**



छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में भोजपुर के जांबाज मो. असलम घायल हो गए। बिहिया थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी मो.कलाम के 50 वर्षीय पुत्र मो.असलम सीआरपीएफ में एएसआई हैं। वह सीआरपीएफ की 153 बटालियन में तैनात हैं।

ब्लास्ट में गंभीर रूप से जख्मी एएसआई असलम का इलाज रायपुर में कराया जा रहा है। इधर, घटना की सूचना मिलने से उनके घर में कोहराम मचा है। वहीं गांव के लोग भी मर्माहत है।बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के बाजीपुर में शनिवार को सुबह नौ बजे सड़क निर्माण सुरक्षा को लेकर सीआरपीएफ के 153 बटालियन के जवानों द्वारा सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा था इसी बीच आईईडी ब्लास्ट हो गया। उसमें सीआरपीएफ एएसआई मो.असलम (50) वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके दाहिना पैर में गंभीर चोट आयी है।

**एक माह पहले ही बेटी का निकाह करने आये थे गांव :** बताया जा रहा है कि बगही गांव निवासी सीआरपीएफ एएसआई मो.असलम ने एक माह पहले अपने बेटी गुलशन खातून की शादी बलिया बड़ी धूमधाम से बगही से ही शादी किये थे। उनको दो बेटा और तीन बेटी है। उसमें बड़ा पुत्र? सीआईएसएफ में गोवा में पोस्टिंग हैं। दूसरा बीए में पढ़ाई करता है। तीसरा बेटा ही पढ़ाई करता है।? बुजुर्ग पिता बुजुर्ग घर पर ही रहते हैं। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ एएसआई मो. असलम बेटी की शादी करने के बाद 25 दिसम्बर को गये थे। इस दौरान माता-पिता से बोले थे कि छुट्टी मिलेगा, तो जल्द आयेंगे।

**घटना के सूचना पर बगही पहुंचे विधायक :** सीआरपीएफ के जवान छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सड़क निर्माण सुरक्षा में शनिवार को सुबह सचिग के दौरान बगही निवासी मो. असलम के जख्मी की सूचना पर शाहपुर विधायक राहुल तिवारी बगही पहुंचे और एएसआई के पिता मो.कलाम से जानकारी ली। उन्होंने छत्तीसगढ़ अस्पताल में बात की। विधायक ने छत्तीसगढ़ में अधिकारियों से बात कर सही इलाजकरने को कहा है। मौके पर पूर्व मुखिया जुबैर खां, नेयाज खां, बबलू राय और कादीर खां सहित कई थे।

## शरद यादव को दी गई श्रद्धांजलि

**केसठ।** प्रखंड के स्थानीय नया बाजार में राजद कार्यकताओं ने शरद यादव के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया। जिसका नेतृत्व राजद के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव ने किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने शरद यादव के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। वही पप्पू यादव ने कहा की पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं देश के बड़े वरिष्ठ नेता शरद यादव के निधन से मुझे गहरी वेदना की अनुभूति हुई है। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया। आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए भी उन्होंने काफी संघर्ष किया। उनके निधन से राजनीति की एक प्रभावी आवाज खामोश हो गई है। वही उन्होंने कहा की मंडल मसीहा, राजद के वरिष्ठ नेता, महान समाजवादी आदरणीय शरद यादव जी के असामयिक निधन की खबर से मर्माहत हूं।

# विहिप ने शिक्षा मंत्री का पुतला जलाया

**केटी न्यूज/बक्सर**

शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद ने बिहार के शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर का पुतला दहन किया। यह पुतला दहन शिक्षा मंत्री द्वारा रामचरित मानस पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ किया गया था। नगर थाना के सामने शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करते हुए विहिप कार्यकताओं ने राज्य सरकार से शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर को बर्खाश्त करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि ऐसी गंदी मानसिकता वाले को सरकार जल्द से जल्द हटाए। अन्यथा पूरे प्रदेश में प्रदर्शन होगा।

बता दें कि कुछ दिन पहले शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर सिंह यादव के रामचरितमानस एवं मनुस्मृति पर विवादित बयान दिया था। जिसका विरोध करते हुए विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च की अध्यक्षता जिला


पुतला दहन करते विहिप के सदस्य

- शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी के बाद गर्म हुआ मामला

अध्यक्ष सिद्धनाथ मिश्र ने की। सबने कहा वोट बैंक के लिए हिंदू धर्म की भावना के साथ खिलवाड़ किया है। सनातन धर्म पर आघात किया है। यह बयान सनातन धर्म का घोर अपमान है। इस दौरान सत्संग प्रमुख रणधीर ओझा, जिला मंत्री संजय राय, सह मंत्री सुशील राय, बजरंग दल संयोजक मुन्ना राय, बजरंग दल सह संयोजक अमित पांडे, विनोद कुमार मिश्र, मधुसूदन मिश्रा, गोलू ओझा, प्रताप सिंह, विवेक सिंह, त्रिभुवन पवन, नंदन, विनोद उपाध्याय, भरत राय, संतोष कुमार ओझा, राम बिहारी उपाध्याय, बंटी सिंह, सोनू सिंह व अन्य मौजूद रहे।




## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

# गैर समझौतावादी धारा के महानायक थे नेताजी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

पैगाम कल्चर सोसायटी के बैनर तले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं वर्षगांठ के मौके पर एक से 23 जनवरी तक राष्ट्रव्यापी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह मनाई जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम इरकी में शनिवार को कार्यक्रम आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुसहरी टोला स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में आशा कर्मचारी यूनियन के प्रदेश सचिव इंदु कुमारी के द्वारा माल्यार्पण द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व वार्ड पार्षद मर्छु दास सामाजिक कार्यकर्ता जालंधर कुमार, अभिषेक कुमार, धर्मेंद्र कुमार, खुशबू कुमारी, प्रतिमा कुमारी, एआईडीएसओ के जिला सचिव राजू कुमार समेत काफी संख्या में लोगों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस तस्वीर पर पुष्पांजलि की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिषेक कुमार ने की।



कार्यक्रम में संबोधन करते प्रतिभागी

इस अवसर पर वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस आजादी आंदोलन के एकमात्र ऐसे स्वतंत्रता सेनानी हैं जिन्होंने समझौता वादी धारा के खिलाफ गैर समझौता वादी धारा के महानायक के रूप में उभरे और देशवासियों के सामने आजाद भारत की तस्वीर को रखा। जिसमें उन्होंने साफ दशार्या कि हमारी आजादी का मतलब सिर्फ गोरे अंग्रेजों को भगाना नहीं है बल्कि भारत के राजसत्ता पर नजर गड़ाए हुए काले अंग्रेजों से भी मुक्ति पाना है। साथ ही, इस देश में मेहनतकश किसान मजदूरों का राज कायम करना है, ताकि इस देश में गैर बराबरी को अधिक से अधिक मिटाया जा सके। इस देश के अंदर में जात-पात, धर्म और मजहब के आधार पर किए जाने वाले भेदभाव को समूल नाश किया जा सके। इसके लिए उन्होंने आम जनता के सामने अपना जो मुख्य लक्ष्य था कि भारत में क्रांति के माध्यम से पूंजीवादी व्यवस्था को समाप्त कर एक समाजवादी व्यवस्था कायम करूंगा सिर्फ इसी के रास्ते हमारे देश में आम लोगों के लिए खुशहाली कायम किया जा सकता है। इस मौके पर उपस्थित छात्राओं ने क्रांतिकारी गीत भी प्रस्तुत किए अंत में कार्यक्रम की समाप्ति इस शपथ के साथ की गई कि हम जहां कहीं भी अन्याय जुल्म देखेंगे जरूरत पड़ने पर अकेले भी उसका मुकाबला करेंगे और उसका विरोध करेंगे जो संदेश नेताजी सुभाष चंद्र बोस का था।



## खबरें फटाफट

### गला दबाकर विवाहिता की हत्या

**बक्सर।** शादीशुदा महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। जबकि उसकी महज 25 वर्ष के लगभग थी। मायके वालों का आरोप है कि दहेज के लिए उसकी हत्या हुई है। जबकि ससुराल पक्ष का कहना है, उसे ठंड लग गई थी। इसकी वजह से उसकी मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार शाम को मुफस्सिल थाना के लालगंज गांव में हुई। आज शनिवार को जब शव पोस्टमार्टम के लिए लाया गया तो इसकी सूचना मिली। मृतक शांति देवी के भाई राजकुमार यादव ने बताया कि हम लोग बगही गांव के रहने वाले हैं। शांती का विवाह लालगंज के गोपाल यादव के साथ 2019 में विवाह हुआ था। उसे दो बेटियां भी हैं। उसके पति समेत ससुराल पक्ष के सभी लोगों ने मिलकर उसकी हत्या की है। इसकी शिकायत हमने पुलिस से कर दी है। लेकिन, फिलहाल किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है।

### बिजली की करंट से युवक की मौत

**बक्सर।** गेहूं के खेत की सिंचाई करने गया युवक बिजली की करंट से झुलस गया। परिवार वालों को जब यह पता चला तो उसे अस्पताल ले गए। लेकिन, उसे बचाया नहीं जा सका। दुर्घटना ब्रह्मपुर थाना के रहथुआ गांव की है। मृतक अजीत कुमार (22) बालेश्वर चौधरी का पुत्र था। शनिवार को उसका शव पोस्टमार्टम के लिए बक्सर लाया गया। यहां बातचीत के दौरान उसके भाई ने बताया कि शुक्रवार को दिन में वह खेत की सिंचाई के लिए बधार में गया था। वहां पहले से किसी किसान ने बिजली का तार लगा रखा था। खेत में नमी थी और पानी बह रहा था। ऐसे में तार कटा होने के कारण उसे बिजली का करंट लग गया। उसे बचाया नहीं जा सका। इस वजह से परिवार के लोग बहुत दुखी हैं। पूछने पर पता चला कि अभी उसकी शादी भी नहीं हुई थी।

### बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी

**नावानगर।** गिरिधर बरांव गांव में मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते एक उपभोक्ता को जेई संदीप कुमार शुक्ला ने पकड़ा है। शनिवार को जेई ने जुमार्ना लगाते हुए सोनवर्षा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है। जेई संदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उपभोक्ता राधेश्याम सिंह पिता स्व. सूरज बली सिंह के घर मीटर बाईपास कर बिजली चोरी हो रही है। सूचना पर जेई ने बिजली कंपनी के कर्मियों के साथ चिन्हित घर की बिजली कनेक्शन एवं तार की जांच किया। जांच में मीटर बाईपास कर चोरी से बिजली जलाते हुए जेई ने पकड़ लिया। जिसके बाद जेई ने 46474 रुपए की जुमार्ना राशि निर्धारित कर सोनवर्षा ओपी में बिजली चोरी मामले में राधेश्याम सिंह पर एफआईआर दर्ज कराया।

# मकर संक्रांति: गंगा स्नान कर अन्न-वस्त्र दान से मुक्ति का मार्ग होता है प्रशस्त

**केटी न्यूज/बक्सर**

❒ सनातन संस्कृति में धर्म-अध्यात्म के साथ साथ रहता है ज्ञान-विज्ञान का समावेश

आज मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाएगा। जो कि द्वादश राशियों के परिभ्रमण काल के क्रम में इस पृथ्वी के साक्षात देवता भगवान भास्कर का जब दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश करते है। उस काल को धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन सूर्य धनु से मकर राशि में प्रवेश करते है। जिस कारण इसे मकर संक्रांति भी कहा जाता है। इस दिन सूर्य उतरायण होना शुरू होते हैं। जिससे मौसम साफ तथा धूप तेज होती है। जिस कारण इसे उतरायण का पर्व भी कहा जाता है। वहीं बिहार समेत एक बड़े हिस्से में इस दिन चूड़ा दही के बाद शाम में खिचड़ी खाने की परंपरा है। जिस कारण इसे खिचड़ी भी कहा जाता है। इस संबंध में ज्योतिषाचार्य सह अधिवक्ता शशि भूषण मिश्र ने बताया कि मकर संक्रांति ही वह तिथि है जब सूर्य धनु राशि का साथ छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इसे भगवान भास्कर की उपासना और



स्नान दान का पर्व माना जाता है। साथ ही यह भी मान्यता है कि इसी दिन भगीरथ के तप से प्रसन्न होकर देवाधिदेव महादेव ने सनातनी परंपरा में रची बसी मां गंगा को अपने शीश पर धारण कर उनका धरती अवतरण कराए। आगे उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति को देवताओं का जागृत काल भी माना गया है। जिसमें गंगा स्नान कर अन्न वस्त्र और द्रव्य दान से श्रद्धालुओं के मुक्ति का मार्ग तो प्रशस्त होता ही है साथ ही दान पुण्य से पितरों की आत्मा भी तृप्त होती है।

महाभारत काल का उल्लेख करते हुए श्री मिश्र ने बताया कि कौरव और पांडवों के युद्ध के बीच रणभूमि में अर्जुन के बाण से घायल होकर सर शैया पर लेटे भीष्म पितामह सबके देह त्याग के आग्रह को ठुकरा दिए थे। जिसका प्रमुख कारण पितामह द्वारा सूरज के दक्षिणायन होना बताया गया था। मकर संक्रांति के दिन ही जब भगवान भास्कर उत्तरायण प्रविष्ट हुए तो उसी दिन उन्होंने अपने शरीर का परित्याग कर अनंत को प्रस्थान कर गए। श्री मिश्र की माने तो मकर संक्रांति का सामाजिक पहलू यह भी है कि यह त्यौहार जहां ऋतुराज वसंत के आगमन का संदेश देता है, तो दूसरी ओर श्रद्धालुओं के स्नान और दान पुण्य के क्रियाकलापों से धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष रूपी पुरुषार्थ को भी फलीभूत करता है। भले यह त्यौहार देश के विभिन्न भागों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है किंतु इसमें यही संदेश छिपा रहता है कि भवचक्र के मूल में प्रकृति का ही वास है। उन्होंने बताया कि इस दिन किया जाने वाला स्नान दान का पूण्य विषेष रूप से मिलता है।

**पतंगबाजी के लिए भी जाना जाता है मकर संक्रांति :** मकर संक्रांति का त्योहार पतंगबाजी के लिए भी जाना जाता है। इस दिन पतंगबाजी की प्रतियोगिताएं भी होती है। चटक धूप तथा हवा के बीच मकर संक्रांति के दिन पतंगबाजी का अपना अलग ही आनंद है। पूर्व संध्या से ही बच्चों द्वारा पतंगबाजी शुरू भी कर दी गई है। मकर संक्रांति को ले बाजार में चहल पहल रही। बता दें कि मकर संक्रांति के साथ ही शुभ लग्न भी शुरू हो रहे है। शनिवार को बाजार में पूरे दिन लोग चूड़ा, गुड़ तिल, तिलकुट आदि खरीदते रहे।

## चौसा पहुंचे विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने जाना किसानों का हाल

# सरकार उदारतापूर्वक करे किसानों की समस्याओं का समाधान : नेता प्रतिपक्ष

■ भूमिहीनों को बासगीत पर्चा व प्रतिमाह तीन हजार रुपए का गुजारा भत्ता देने की हुई मांग

**केटी न्यूज/बक्सर**

समाधान यात्रा के तहत बक्सर आने से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चौसा के किसानों की समस्या का समाधान करना होगा। नहीं तो उनके इस यात्रा का विरोध किया जाएगा। बक्सर ही नहीं पूरे बिहार के किसाना आंदोलन को बाध्य हो जाएंगे। उक्त बातें शनिवार को नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कही है। वे चौसा के बनारपुर गांव पहुंच पीड़ित किसान से उनका हाल चाल जानने के बाद कहा कि राज्य सरकार चाहती तो इस समस्या का समाधान अबतक हो गया रहता। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार किसानों की समस्याओं के समाधान



किसानों को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष व अन्य भाजपा नेता

के बदले पिकनिक वाली समाधान यात्रा कर रहे है। 18 जनवरी को वे बक्सर पहुंचने वाले है। इसके पहले यदि उदारतापूर्वक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो सड़क से लेकर सदन तक विरोध किया जाएगा। पूरे बिहार में किसान चक्का जाम कर देंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की मांगे जायज है। उन्हें आज के दर से मुआवजा मिलनी चाहिए। राज्य सरकार यदि इस मामले पर गंभीर होती तो अब तक किसानों को उनकी कीमती जमीन का उचित हक मिल गया होता। लेकिन मुख्यमंत्री ऐसा नहीं होने देना चाहते है। वे जानबूझकर केन्द्र की महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में अड़ंगा लगा रहे है। उन्होंने पूरे बिहार में किसानों की स्थिति दयनीय हो गई है। राज्य सरकार कृषि और किसानों के प्रति गंभीर नहीं है। जिसका उदाहरण यूरिया की कालाबाजारी से देखने को मिल रहा है। किसानों को न तो समय पर खाद मिल रहा है और न ही पानी।

उन्होंने बक्सर के बनारपुर ग्राम में किसानों के द्वारा विगत दिनों से चल रहे धरना में धरनास्थल पर किसानों की मांग सुनी और भरोसा दिलाया कि विपक्ष जनता के प्रहरी होने के नाते इस गूंगी बहरी सरकार जब तक आपकी मांगे पूरी नहीं करती तब तक यह लड़ाई सड़क से सदन तक जारी रहेगी।

### मानस पर टिप्पणी करने वाले विकृत मानसिकता के हैं

बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर द्वारा रामचरित मानस पर किए गए अमर्यादित टिप्पणी पर बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राजद सुप्रिमो लालू प्रसाद यादव भी ऐसी टिप्पणियां करते थे। ऐसे लोग विकृत मानसिकता वाले है। सनातन संस्कृति तथा धर्मग्रंथों में कही भी भेदभाव वाली बातें नहीं मिलती है। लेकिन सनातन धर्म को विकृत मानसिकता वाले लोग दुष्प्रचारित करने का काम कर रहे है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### वापस होनी चाहिए ग्रामीणों पर हुई प्राथमिकी

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि किसानों पर गलत तरीके से एफआईआर दर्ज कराया गया है। किसानों पर हुआ एफआईआर वापस होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन के उकसावे के बाद ही किसान उग्र आंदोलन को बाध्य हुए। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ उदारता दिखाने के बदले स्थानीय प्रशासन उन्हें बलपूर्वक दबाते रहा। पुलिस ने अमानवीय तरीके से उनके घर में घुस महिलाओं व युवतियों की पिटाई की।

## बर्दाश्त नहीं की जाएगी सनातनियों की आस्था से खिलवाड़ : केंद्रीय मंत्री



**केटी न्यूज/बक्सर**

◆ मोची चंदन राम के हाथों दूध पीकर केंद्रीय मंत्री ने तोड़ा अनशन

करोड़ो सनातनियों के लिए रामचरित मानस सबसे पवित्र धर्मग्रंथ है। इसमें कुछ भी ऐसा नहीं है जिससे समाज में भेदभाव बढ़े। करोड़ो देशवासी हर दिन अपने घरों में इसका नियमित पाठ करते है। बिहार के शिक्षामंत्री ने समस्त सनातनियों का अपमान किया है। उक्त बातें शनिवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने 24 घंटे के मौन अनशन पूरा करने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि रामचरित मानस निर्विवाद रूप से दुनिया का सबसे लोकप्रिय धर्मग्रंथ है। यह न सिर्फ धर्मग्रंथ बल्कि लोगों को जीने की कला सिखाने वाला ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि चौसा में जिस तरीके से किसानों पर मनगढंत एफआईआर दर्ज कराया गया तथा मध्यरात्रि पुलिस ने महिलाओं तक की बर्बर पिटाई की। उन्होंने कहा कि लठबंधन की सरकार में किसानों, युवाओं, बेरोजगारों की आवाज को लाठी के बल पर दबाया जा रहा है। इसके पहले अश्विनी कुमार चौबे ने चंदन मोची के हाथों दूध पीकर अपना मौन व्रत तोड़ा। उन्होंने कहा कि चौसा के किसानों को बढ़े दर से मुआवजा मिलने तक वे चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों पर दर्ज एफआईआर वापस होनी चाहिए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि रामचरित मानस के अपमान व किसानों पर बर्बर कार्रवाई के खिलाफ सभी जिलों में मौन अनशन किया जाएगा।

## कार्रवाई: चौसा में किसानों की पिटाई मामले में थानेदार अमित कुमार समेत पांच सस्पेंड

**केटी न्यूज/बक्सर**

शनिवार को चौसा उपद्रव कांड में थानाध्यक्ष अमित कुमार समेत पांच लोगों को एसपी मनीष कुमार ने सस्पेंड कर दिया है। एसपी ने बताया कि बनारपुर गांव में आंदोलनकारी किसानों के परिजनों से मारपीट की घटना के बाद पांच पुलिस वालो को लाइन हाजिर किया गया था। जिसमें वीडियो में दिख रहे दो सिपाहियों को उसी दिन सस्पेंड किया गया था।

जबकि थानाध्यक्ष अमित कुमार, एक पदाधिकारी व एक सिपाही को नोटिस दिया गया था। जिसमें उनका संतोषजनक जबाव प्राप्त नही हुआ। जिसके बाद उन्हें आज सस्पेंड कर दिया गया। उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए भी अनुसंसा की



जाएगी। ज्ञात हो कि मंगलवार को को चौसा सीओ के द्वारा मुआवजा मांग रहे आंदोलनकारी किसानों को चिन्हित कर एफआईआर किया था। जिसके आलोक में थानाध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा दलबल के साथ छापेमारी की गई थी। जिसमें किसी अभियुक्त की तो गिरफ्तारी नही हुई। परन्तु किसानों के महिलाओं व बच्चों के साथ मारपीट की गई। जिसके आक्रोश में ग्रामीणों व किसानों ने चौसा में तांडव मचा दिया। ग्यारह पुलिस वाले घायल हो गए। जबकि दस राउड़ बचाव में पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी थी। वहीं किसानों के द्वारा पुलिस वैन समें 18 वाहनों में आग लगाई गई थी। किसान यही नही रूके थर्मल पावर प्लांट के कई हिस्सों में में आगजनी व तोड़फोड़ की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने 39 नामजद व 300 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर किया था। बक्सर एसपी मनीष कुमार ने कहा कि कानून को हाथ में लेने वालों को बर्दास्त नही किया जाएगा। चाहे वो पुलिस वाले ही क्यों न हो। एसपी के इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हडकंप मचा हुआ है।

## सियासत: अश्विनी चौबे के मौन व्रत समाप्त करते ही महागठबंधन के नेताओं ने धोयी अंबेदकर की प्रतिमा

◆ प्रतिमा धोने के बाद किया गया माल्यापर्ण

**केटी न्यूज/बक्सर**

सियासत का खेल भी बड़ा निराला है। जिस बाबा साहेब आंबेडकर ने भारतीय संविधान की रचना कर देश को एकसूत्र में बांधने का काम किया था, अब उनके नाम पर भेदभाव बढ़ाने का काम किया जा रहा है। बता दें कि शुक्रवार को बक्सर के अंबेदकर चौक स्थित अंबेदकर प्रतिमा के नीचे बैठ केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने किसानों पर जुल्म तथा शिक्षा मंत्री के रामचरित मानस पर दिए गए विवादित बयान के खिलाफ 24 घंटे का मौन अनशन शुरू किया था। शनिवार को उनका मौन अनशन खत्म होते ही


प्रतिमा को धोने के बाद नारा लगाते नेता व कार्यकर्ता

महागठबंधन के नेताओं ने अंबेदकर की प्रतिभा को धोकर माल्यापर्ण किया।

खास बात यह कि इस दौरान महागठबंधन के दोनों मुख्य घटक राजद व जदयू के जिलाध्यक्ष के साथ ही वामदलों के प्रमुख नेता भी मौजूद थे। प्रतिमा धोने का नेतृत्व राजद व जदयू जिलाध्यक्ष के साथ ही पूर्व सांसद कामरेड तेजनारायण सिंह के नेतृत्व में किया गया। उनका तर्क था कि केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे हमेशा झूठ बोलते हैं। उनके बाबा साहेब की प्रतिमा के नीचे बैठने से प्रतिमा दूषित हो गई है। प्रतिमा के शुद्धिकरण के लिए ही इसे धोया गया है। दिलचस्प है कि बाबा साहेब ने अपने जीवन काल में समरस समाज बनाने की न सिर्फ कल्पना की थी बल्कि वे आजीवन इसके लिए संघर्ष भी करते रहे थे।

लेकिन अब उन्हीं के नाम पर सियासत का ऐसा खेल खेला जा रहा है। हालांकि जिस मुद्दे पर अश्विनी चौबे मौन अनशन पर बैठे थे उनमें एक मुद्दा किसानों का था। जिनका समर्थन भी महागठबंधन वाले कर रहे है। जबकि रामचरित मानस पर दिए गए शिक्षा मंत्री के बयान पर महागठबंधन नेताओं ने चुप्पी साधने में ही भलाई समझी। बहरहाल बक्सर में पूरे दिन इस घटना की चर्चा होते रही।

## बक्सर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन का गठन, आनंद कुमार बने अध्यक्ष

# 12 फरवरी को होगी जिला स्तरीय प्रतियोगिता

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर के चाणक्या कॉलोनी स्थित न्यू वुड स्टॉक स्कूल परिसर में बिहार सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के बैनर तले बक्सर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्कूल के डायरेक्टर राजीव कुमार उर्फ बब्लू पाठक ने की। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से आनंद कुमार को बक्सर जिला सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। जबकि नमो नारायण मिश्र को सचिव, दयाशंकर पांडेय को कोषाध्यक्ष, राजीव कुमार को संरक्षक का दायित्व दिया गया। वहीं कार्यसमिति में नवनीत कुमार श्रीवास्तव, सुनील कुमार, आलोक दूबे को चुना गया। बैठक के दौरान जितेन्द्र ठाकुर, रविशंकर मिश्र समेत कई अन्य मौजूद थे।


बैठक में शामिल एसोसिएशन के सदस्य

**ग्रामीण स्तर पर कराया जाएगा खेल का आयोजन:** बक्सर में साफ्ट टेनिस एसोसिएशन के गठन के बाद इस खेल को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत भी कर दी है। एसोसिएशन के सचिव नमोनारायण ने बताया कि 12 फरवरी को जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें एकल तथा युगल दोनों के विजेताओं को मार्च में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस खेल को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतियोगिताओं की संख्या बढ़ाई जाएगी तथा ग्रामीण स्तर पर भी इस खेल का आयोजन कराया जाएगा। ताकी खिलाड़ी इस खेल को समझने के साथ ही इसकी बारिकियों को भी सीख सके।

**कम खर्च में खेला जाने वाला खेल है सॉफ्ट टेनिस:** सचिव ने बताया कि सॉफ्ट टेनिस कम खर्च तथा कम जगह पर खेला जाने वाला एक बहुत ही मनोरंजक खेल है। जिसे पुरुष और महिला दोनों खेलते है। उन्होंने कहा कि इसमें खिलाड़ियों कैरियर बनाने की अपार संभावनाएं है। वहीं उन्होंने कहा कि आउटडोर गेम होने के बावजूद इस खेल में चोट लगने की संभावनाएं भी बहुत कम रहती है। उन्होंने कहा कि डुमरांव के राज हाई स्कूल के खेल मैदान में हर दिन दर्जनों खिलाड़ी इस खेल का अभ्यास कर रहे हैं।



## छोटी खबरें

### पेड़ की डाल गिरने से घायल अधेड़ की मौत

**बलिया।** सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला बेदुआ निवासी एक अधेड़ की मौत शनिवार को तड़के वाराणसी के एक अस्पताल में हो गयी। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार विगत दो जनवरी की दोपहर बेदुआ बंधा स्थित एक पेड़ की डाल रमेश यादव 40 पुत्र श्याम बहादुर यादव निवासी बेदुआ के उपर अचानक गिर पड़ी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे वाराणसी रेफर कर दिया। जहां शनिवार को तड़के उपचार के दौरान मौत हो गयी। खबर मिलते ही घर पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लग गया।

### डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र के ग्राम जसरा में बन रहे गौ आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण शनिवार को जिलाधिकारी अवधेश चौहान ने किया। निरीक्षण के दौरान पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से ना होने के कारण बीडीओ रानीपुर से पूछा कि कब तक यह बनकर तैयार होगा। जिस पर बीडीओ ने 15 दिन के अंदर तैयार हो जाने की बात कही। इसके बाद एसडीएम ने चिरैयाकोट स्थित अस्थाई रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आने वाले आगंतुक रजिस्टर का अवलोकन कर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिया कि जो भी लोग इस में ठंड के मौसम में आकर रुकते हैं, उनकी ठीक रूप से देखभाल की जाए। इसके बाद एसडीएम द्वारा सर सेना में लगे हुए मकर संक्रांति के मौके पर मेले का भी जायजा लिया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक डॉ अजय विक्रम सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चिरैयाकोट समेत विभिन्न विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन


**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना ब्लाक के ग्राम बरह द पूर स्थित बड़ी बाग में शनिवार को मकर संक्रांति के मौके पर एक युवा शक्ति दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 8 वर्ष से 20 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सक हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार सरोज ने हरी झंडी दिखाकर किया। मौके पर 1000 मीटर, 400 मीटर तथा 200 मीटर की दौड़ में प्रतिभागियों ने दौड़ प्रारंभ करते हुए विजई घोषित हुए। डॉ उमेश ने कहा कि आज के समय में युवा शक्ति ही आगे बढ़कर विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करते हुए जनपद मंडल एवं प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजक श्यामसुंदर चौबे, अजीत सिंह, अभिषेक सिंह आदि लोगों ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# मकर संक्रांति के साथ शुभ मुहूर्त होंगे शुरू, फरवरी तक शादी के 20 लग्न

- मकर संक्रांति आज, लाखों लोग लगाएंगे आस्था की डुबकी
- स्नान कर अक्षत और फूल डालकर जल सूर्य देव को अर्पित करें

**केटी न्यूज/बलिया**

मकर संक्रांति का पर्व इस बार 15 जनवरी यानी रविवार को मनाया जाएगा। सूर्य आज रात्रि 3:01 बजे मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसलिए प्रातः काल उदया तिथि में मकर संक्रांति रविवार को मनाई जाएगी। हिंदू कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक साल 12 संक्रांतियां होती हैं। जब सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में जाता है तो यह घटना संक्रांति या राशि परिवर्तन के नाम से जानी जाती है। ये बातें पंडित अभय प्रकाश द्विवेदी ने बताई। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति के साथ ही शुभ मुहूर्त शुरू होंगे। इस बार जनवरी व फरवरी में शादी के बीस शुभ लग्न हैं। खास बात यह है कि इस बार अप्रैल में विवाह नहीं हो सकेंगे। इसकी वजह यह है कि 31 मार्च से एक मई तक गुरु अस्त रहेगा। बताया कि मकर संक्रांति के दिन दान पुण्य और गंगा स्नान का महत्व है। ऐसे में आज लाखों लोग आस्था की डुबकी लगाएंगे। सूर्योदय से पहले यानी उदया तिथि में स्नान कर अक्षत और फूल डालकर जल सूर्य देव को अर्पित करें। वर्ष 2023 की मकर संक्रांति के दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे, लेकिन मकर राशि में शुभ ग्रह बुध और शनि उपस्थित होंगे। ऐसा संयोग काफी शुभ माना जाता है।



### पवित्र नदियों में स्नान करने से लोगों को पापों से मिल जाती है मुक्ति

पंडित डा. भूपेंद्र मिश्र ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिल जाती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। गंगा स्नान सबसे उत्तम माना जाता है। यदि आप गंगा स्नान नहीं कर सकते तो घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करें। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति पर सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर चलते हैं। ऐसे में सूर्य के उत्तरायण होने पर इनकी पूजा-पाठ का महत्व बढ़ जाता है। इस दिन सूर्यदेव की विशेष पूजा अर्चना करें। पूजा के बाद जल में कुमकुम व काले तिल डालकर सूर्यदेव को अर्घ्य दें। इससे भगवान सूर्य की कृपा से वैभव, यश व बल की प्राप्ति होगी।

**दान पुण्य करने से विशेष फल की होती है प्राप्ति :** पंडित डा. भूपेंद्र मिश्र के अनुसार, मकर संक्रांति पर दान पुण्य करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। शास्त्र में मान्यता है कि इस दिन किया गया दान सीधे भगवान को समर्पित होता है। ऐसे में मकर संक्रांति पर ब्राह्मणों, गरीब व जरूरतमंदों को दान जरूर करना चाहिए। इस दिन दान करने से समाज में मान-सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ती है। पंडित मिश्र के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन किसी भी तरह के नशे जैसे सिगरेट, शराब, गुटका आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। साथ ही इस दिन मसालेदार भोजन का सेवन भी नहीं करना चाहिए। इस दिन तिल और मूंग दाल की खिचड़ी का सेवन करना अच्छा माना जाता है।

## सरयू नदी में उपजाऊ भूमि के कटाव का बैरिया विधायक ने लिया जायजा

# कटाव रोकने व पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए जरूरी कदम उठाए प्रशासन: जयप्रकाश

- प्रशासन दर्जनों परिवारों को मकान खाली करने का जारी कर चुका है फरमान
- विधायक ने कटान पीड़ितों को न्याय दिलाने का दिया भरोसा

**केटी न्यूज/बलिया**


कटाव का जायजा लेते विधायक जयप्रकाश अंचल व अन्य

जनपद के सुरेमनपुर दियराचंल के गोपालनगर नई बस्ती व गोपालनगर ताड़ी के सामने सरयू नदी का कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को बैरिया विधायक जयप्रकाश अंचल गोपालनगर में हो रही कटान स्थल का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अभियंताओं के अलावा बैरिया के उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र से फोन द्वारा बात कर कटान रोकने व कटान पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए जरूरी कदम उठाने का अनुरोध किया।

बता दें कि पिछले वर्ष ही गोपालनगर ताड़ी गांव में सरयू नदी के कटान से दर्जनों परिवारों की रिहायशी मकान नदी में समा गया।मौजूदा समय मे भी गोपालनगर ताड़ी के मैनेजर यादव, सुनीता देवी,अनिता देवी,बेबी देवी आदि का मकान कटान के मुहाने पर है। उपजिलाधिकारी ने इन दर्जनों परिवारों को रिहायशी मकान खाली करने के लिए फरमान जारी कर चुके है। इसी बीच अब सरयू नदी के तेज धारा हर रोज उपजाऊ भूमि को निगल रही है। आलम यह है कि पिछले एक पखवाड़े के अंदर दो सौ एकड़ से अधिक उपजाऊ खेत सरयू नदी में हुआ विलिन। बार-बार के ग्रामीणों के आग्रह के बावजूद कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचा है।गोपालनगर नई बस्ती, ताड़ी के लोगों में दहशत कायम हो गई है।

गौरतलब हो कि पहले गोपाल नगर टाड़ी के पास पिछले बरसात में कटान हो रही थी। वहां बाढ़ विभाग ने स्पर बनवा दिया है। जिसके बाद सरयू नदी ने इस स्थान से पूरब और उत्तर तरफ गोपाल नगर नई बस्ती व टाड़ी के सामने कटान शुरू कर दिया है। ग्रामीणों की माने तो पिछले एक सप्ताह से प्रतिदिन पन्द्रह से बीस एकड़ खेत सरयू नदी में कटकर विलीन हो रहा है। अगर यही स्थिति रही तो जल्द ही गोपाल नगर नई बस्ती व टाड़ी सरयू नदी के कटान की जद में होगा। जहां लगभग एक हजार की जनसंख्या निवास करती है। उक्त गांव निवासी श्रीभगवान यादव, विसुन यादव, बच्चा यादव, रामनाथ यादव, हीरालाल यादव, अयोध्या यादव, शिवनाथ यादव, परमेश्वर यादव, मुखराम यादव, डाक्टर हीरा यादव, विजय यादव, गुड्डू यादव आदि ने बताया कि कटान की सूचना अधिकारियों को दे दी गई है। बावजूद इसके कोई भी अधिकारी इस मामले का संज्ञान नहीं ले रहे है। जबकि सरसों, गेहूं व अन्य बोई गई फसल कटान में खेत के साथ कटकर सरजू नदी में समा रही है। अगर यही स्थिति रही तो जल्द ही गोपाल नगर नई बस्ती का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। ग्रामीणों के सूचना पर बैरिया विधायक जयप्रकाश अंचल मौके का निरीक्षण कर कटान पीड़ितों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

## शहर कोतवाल को कारण बताओ नोटिस

**बलिया।** हत्या के एक मामले में चार्जशीट ना देने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरिशचंद्र की अदालत ने शहर कोतवाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मामला लगभग तीन साल पुराना है। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद दूसरे दिन युवक की लाश उसके दोस्त के घर पर मिली थी। मामले में पुलिस शुरू से ही संलिप्तता के कारण हिलाहवाली करने में जुटी है। पहले एफआईआर करने में आनाकानी की, फिर एफआर लगाया और अब लगातार कोर्ट की अवहेलना कर रही है।

बता दें कि आज से लगभग तीन साल पहले मोबाइल चोरी के आरोप में रामपुर महावल के सूरज पांडेय को तत्कालीन ओक्डेनगंज चौकी पर तैनात सब इंस्पेक्टर व कुछ सिपाही मिलकर हिरासत में लिया था। इसके बाद दूसरे दिन रहस्यीमयी तरीके से उसका शव उसके एक दोस्त के घर से बरामद हुआ था। इस मामले में मृतक के शव को पोस्टमार्टम नहीं किया गया था। ऐसे में मामले में फंसता देख शुरू में शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा लिखने से आनाकानी किया पिफर कोर्ट के आदेश पर एसआई सहित दो अन्य आरोपियों पर मुकदमा दर्ज हुआ। चूंकि मामले में पुलिस की संलिप्तता थी लिहाजा पुलिस ने 50 लोगों का बयान लेकर एफआर लगा दिया। लेकिन पीड़ित ने जब पिफर से कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो मामले में विवेचना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कोर्ट ने बीते 11 अक्टूबर 2021 को आदेशित किया। बावजूद पुलिस ने चार्जशीट प्रस्तुत नहीं किया। ऐसे में वादी के अधिवक्ता सोनू गुप्ता की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरिशचंद्र की अदालत ने शहर कोतवाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## हाई टेंशन तार की चपेट में आने से सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव की मौत

**केटी न्यूज/बलिया**



जनपद के फेफना थाना क्षेत्र के निधरिया नई बस्ती में शनिवार की सुबह हाईवोल्टेज विद्युत तार की चपेट में आने से टीडी कालेज के पूर्व महामंत्री व सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव मनीष कुमार दूबे मनन की मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा रही है। घटना के बाद जिला अस्पताल में छात्र नेताओं व स्व. मनन दूबे के शुभेच्छुओं का तांता उमड़ पड़ा। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी सवा युवजनसभा के प्रदेश सचिव मनीष कुमार उर्फ मनन दूबे अपने घर की छत पर बने बाथरुम में शनिवार को पूर्वाह्न नहाने के लिए गया तो देखा कि बाथरूम में पानी लगा हुआ है। जिसको लोहे के राड से साफ कर रहा था, इसबीच उक्त लोहे का राड हाईटेंशन विद्युत तार से स्पर्श हो गया। जिससे मनन दुबे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते छात्र नेताओं मे शोक की लहर दौड़ गई। जो जहां से सुना सीधे जिला अस्पताल की तरफ भागते नजर आए।

**सभी दलों के नेताओं ने जताया शोक :** अस्पताल में पहुंचने वालों सपा के सनातन पाण्डेय, राजमंगल यादव, पूर्व नपा अध्यक्ष संजय उपाध्याय, लक्ष्मण गुप्ता, राहुल राय, सुशील पांडेय, मिठाई लाल भारती,मिंटू खान,डा.राम सुरेश राय,अनिल राय, भाजपा के संतलाल उर्फ मिठाई लाल, कांग्रेस के जैनेन्द्र कुमार पाण्डेय मिंटू, जाकिर हुसैन, छात्र नेताओं ने शिप्रान्त सिंह, धन्नजय सिंह सहित सैकड़ों छात्र नेतागण जिला अस्पताल पहुंचे।

## एक नजर

### आरपीएफ ने की पतंग उड़ाने में चाइनीज माझा का इस्तेमाल न करने की अपील



**गाजीपुर।** चाइनीज माझा के कारण हो रही दुर्घटनाओं के कारण आरपीएफ प्रभारी अमित कुमार राय के नेतृत्व में रेलवे लाइन के किनारे पतंग उड़ाने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों के मध्य आरपीएफ गाजीपुर सिटी के बल सदस्यों द्वारा जन जागरण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बता दें कि चाइनीज मांझा में शीशे और स्टील का मिश्रण होता है जिस कारण पतंग कटने पर उसका धागा ट्रैक के ऊपर लगे हाई टेंशन बिजली के तारों में फसकर नीचे लटकता है जिसमे बिजली प्रवाहित हो जाती है। बच्चो द्वारा पतंग लूटने के दौरान वे इसके संपर्क में आते ही दुर्घटना का शिकार हो जाते है। उक्त प्रकार की दुर्घटना कई जगहों पर प्रकाश में आई है लिहाजा उक्त हो रहे दुर्घटना को रोकने के उद्देश्य से वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी डॉक्टर अभिषेक व सहायक सुरक्षा आयुक्त वाराणसी श्री उग्रसेन सिंह के आदेश पर आज सहायक उप निरीक्षक जयशंकर दुबे साथ स्टॉफ द्वारा महराजगंज फाटक के पास बिंद पुरवा, हेतिमपुर, बकराबाद, महराजगंज गावो के लोगो को उक्त के बाबत जागरूक किया गया।

### फाइनल में ताड़ीघाट ने नवली की टीम को दो सेटो में पराजित कर शील्ड पर किया कब्जा



**गाजीपुर।** भदौरा विकासखंड अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेवराई स्थित मैदान पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में कांटे के मुकाबले में ताड़ीघाट ने नवली की टीम को पहले सेट में हारने के बावजूद भी दो सेटो में पराजित कर शील्ड पर कब्जा जमा लिया। सेवराई बालीबाल क्लब द्वारा आयोजित फ्री शील्ड बालीबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में नवली व ताड़ीघाट के टीम के बीच रोमांचकारी मुकाबले में ताड़ीघाट की टीम ने पहले सेट में 26-28 से हारने के बाद दूसरे सेट में शानदार वापसी करते हुए नवली की टीम को 25-24 व दूसरे सेट में 15-13 के अंतर से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया । वॉलीबॉल के रोमांचकारी मुकाबले को भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता टीम को जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह के प्रतिनिधि मनु सिंह ने शिल्ड व व्यक्तिगत पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नौली के हर्षित को दिया गया, वहीं प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए करहियां के खिलाड़ी अरविंद को भी शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पर टुन्नू सिंह, शिवम सिंह, टुनटुन सिंह, हेराम सिंह, दुर्गा चौरसिया, विवेक मौर्य, अशोक सिंह, अजय श्रीवास्तव, रूद्रप्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह, आकाश सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, अनील यादव,झूलन कप्तान,रामप्रताप सिंह आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मैच रेफरी विवेक सिंह व कमेंटेटर की भूमिका संतोष सिंह ने निभाया।

### युवाओं को भा रही मोदी-शाह प्रिंट वाली पतंग



**बलिया।** दो दिन बाद मकर संक्रांति है। ऐसे में पतंगबाजों का उत्साह बढ़ गया है। मकर संक्रांति पर पतंगबाजी की परंपरा होने के चलते बच्चों से लेकर युवाओं ने दुकानों की रौनक बढ़ा दी है। वहीं रेल प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि वह ट्रैक के नजदीक पतंगबाजी न करें, यह जानलेवा भी हो सकता है। मकर संक्रांति को लेकर लोग जमकर पतंगों की खरीदारी कर रहे हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में पतंगों की दुकानें गुलजार हैं। बाजार में प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, नववर्ष 2023 प्रिंट से लेकर कार्टून वाली पतंगों की धूम है। बच्चों को जहां कार्टून वाली पतंग भा रही हैं तो युवाओं को मोदी-शाह से लेकर 2023 प्रिंट वाली। इनके उत्साह को देखते हुए पतंग कारोबारी खुश होकर बेहतर कारोबार की उम्मीद लगाए हैं। दुकानदारों को उम्मीद है कि इस बार मकर संक्रांति पर तीन से चार लाख पतंगें बिक सकती हैं। कार्टून वाली पतंगें बच्चों को सबसे अधिक पसंद आ रही हैं। दुकानदारों के मुताबिक, इसमें पन्नी वाली पतंग अधिक बिकती है। यह पतंग कागज की पतंग से सस्ती होती है। इनकी कीमत पांच से लेकर 20 रुपये तक है। बच्चे सस्ती होने के कारण इन्हें काफी पसंद करते हैं। इस समय डोरेमोन, मिक्की माउस आदि कई तरह की कार्टून वाली पतंगें बाजार में मौजूद हैं। पतंग कारोबारी जलील अहमद बताते हैं कि त्योहार पर पतंग की बिक्री अच्छी है। दो दिन से बिक्री काफी तेज हो गई है। आगरा, मथुरा की पतंग और बरेली एवं मेरठ के मांझे की मांग ज्यादा है। कागज की जगह पॉलिथीन की पतंग और मांझे की खासी डिमांड है। डिजाइनर पतंग पांच रुपये से लेकर 100 रुपये तक में बिक रही है। मेरठ एवं बरेली का मांझा 130 से लेकर 700 रुपये प्रति रील तक उपलब्ध है। वहीं धागे की रील की कीमत पांच से 250 रुपये तक है। महंगाई के चलते लोगों में पहले की अपेक्षा अब पतंगबाजी का शौक कम हो गया है।

## मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह ने गरीब व असहायों को दही-चूड़ा खिलाया

# गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं, न ही कोई तीर्थ है: विधायक

- विधायक ने लोगों को दही-चूड़ा खिलाया और ठंड से बचाव के लिए गरीबों में बांटे कंबल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**


अतिथियों को शॉल देते विधायक

सेवराई तहसील क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय व ब्लाक संसाधन केंद्र के संयुक्त प्रांगण में मकर संक्रांति के मौके पर जमानियां विधायक ओमप्रकाश सिंह द्वारा समाज का अंतिम व्यक्ति बनवासी समाज दलित, गरीब व असहाय लोगों को दही- चूड़ा खिलाकर सभी असहाय गरीबों को ठंड से बचाव के लिए लगभग 3000 कंबल वितरित कर मकर संक्रांति खिचड़ी का त्योहार दलितों, गरीबों व असहायों के साथ मनाया। विधायक ओमप्रकाश सिंह द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति का त्योहार दलित, असहाय, गरीब लोगों के साथ दही -चूड़ा व खिचड़ी खाकर मनाया लगभग तीन हजार दलित असहाय, गरीबों को हाड़ कंपाती ठंड में कंबल व ऊनी वस्त्र वितरित कर मकर संक्रांति के त्योहार को यादगार बनाने का प्रयास किया।

पूर्व पर्यटन मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि जब उन्होंने क्षेत्र में राजनीतिक कैरियर शुरू की तो देखा कि गरीब असहाय लोग हाड़ कंपाती ठंड में भी सड़क व फुटपाथ पर किसी तरह अपना जीवन गुजर-बसर करते थे। क्षेत्र में एक ही वर्ष में तीन हत्याएं हो जाने के बाद में बहुत विचार करने के पश्चात सन 1991 से दलित असहाय व गरीबों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए मकर संक्रांति का त्योहार इन्हीं लोगों के बीच मनाने का संकल्प लिया। इसके पीछे उनका कोई राजनीतिक स्वार्थ नहीं होने के कारण आज गरीब असहाय दलित समुदाय के लोग प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के त्योहार को बड़े बेसब्री से इंतजार करते हैं और वो उन लोगों के साथ दही-चूड़ा खिचड़ी खाकर अपने आपको सौभाग्यशाली समझते हैं। वो बार-बार अपने कार्यकताओं से कहते हैं कि गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है और न ही कोई तीर्थ है। इसलिए वो मकर संक्रांति को इन गरीब असहायाओं के बीच मनाते हैं। सभी लोग संक्रांति के दिन कुंभ व गंगा-गंगोत्री स्नान कर त्योहार मनाते हैं और वो इन गरीबों के साथ त्योहार मनाकर सभी तीर्थों का पुण्य एक साथ हजारों लोगों के साथ लेने व देने का कार्य करते हैं। मौके पर एक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 750 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह, प्रधान सुभाष यादव, श्रीराम यादव, रामप्रताप सिंह, आकाश सिंह, विवेक कुमार मौर्य, नितेश सिंह, अनिल यादव, धर्मेंद्र बाबा, प्रभाकर सिंह, प्रमोद यादव, अनिल यादव, संजीत कुशवाहा, उमेश बर्मा, आनन्द कुमार, हर्ष सिंह व अन्य उपस्थित रहे।